

Scanned by CamScanner

UNIT-2 Session-1

Creating Templates.

PAGE NO. 1 icon
DATE : / /

* टेम्पलेट्स (Templates) क्या है ?

टेम्पलेट्स एक पूर्व निर्धारित Document है, जिसका उपयोग एक नया डॉक्यूमेंट जल्दी से बनाने के लिए कर सकते है।

टेम्पलेट्स किसी भी Documents का पहले से बना हुआ प्रारूप होता है, जिसमें किसी डॉक्यूमेंट के फॉर्मेट को तैयार करने के लिए आवश्यक नियम दिये होते है।

किसी Template को चुनने में वे सभी नियम उस Document पर लागू हो जाते है।
उदाहरण के लिए Font Color, Background कलर, Style, Table, Text box आदि आदि Template में पहले से ही सेट रहते है, केवल हमें अपना डाटा डालना पड़ता है।

* एक टेम्पलेट्स बनाने की संक्षेप में बताइये।

#1. M.S. word open कीजिए।
#2. फिर office file बटन पर क्लिक कीजिए।
#3. फिर Drop down लिस्ट में New को चुनें।
#4. फिर click the Black Document and click create.
#5. फिर आप Document में कुछ बदलाव कर सकते है जैसे:- margin setting, page size, orientation, formate, font, Col etc.
#6. फिर दोबारा file/office बटन पर क्लिक करें। उसके बाद Save as में जाकर Template फोल्डर में फाइल सेव कर दीजिए।

Scanned by CamScanner

* एनवेलप का उपयोग करते हुए रिटर्न पते को शामिल करने की प्रक्रिया बताइये।

#1. सबसे पहले Mailing Tab को चुनेंगे।
#2. Create ग्रुप में Envelope Option को चुनेंगे।
#3. फिर वहां पर रिटर्न Address Box में अपना पता लिखेंगे।
#4 OK बटन पर क्लिक करेंगे।

* Envelope ऑप्शन शॉर्टकट मीनू Envelope शॉर्टकट मेनू में उपलब्ध है।

* ~~एक~~ एनवेलप साइज को एनवेलप dialog box के Format Tab का उपयोग करके संशोधित किया जा सकता है।

सत्र :3 Creating Labels

आप पहचान पत्र (I.D.), विजिटिंग कार्ड, शॉपिंग लिस्ट, पता लिखने इत्यादि के लिए Labels का प्रयोग कर सकते हैं। आम तौर पर Labels अलग-2 साइज में मुद्रित होते हैं।

* एक सिंगल शीट/पेज पर 30 लेबल्स प्रिंट करवाने की प्रक्रिया समझाइये।

1. Mailing Tab पर क्लिक करेंगे।
2. Create ग्रुप के तहत Labels Option को चुनेंगे।

Scanned by CamScanner

PAGE NO. 4
DATE : / /

3. Option Tab के तहत Single लेबल फॉर्मेट चुनें।
4. फिर Format टेब को सलेक्ट करें।
फिर उसमें Columns और Row न्यूमेरिक Text Box में Values स्पेसिफाई करते हुए प्रिंट किये गए लेबलों की संख्या एंटर करें।
5. Column में 3 और Row में 10 टाइप करें।
6. उसके बाद New Document पर क्लिक से एक पेज में 30 लेबल्स प्रिंट हो जायेंगे।

* कस्टम साइज के साथ एक लेबल बनाने की प्रक्रिया बताइये।

#1. Mailing Tab को चुनें।
#2. Create ग्रुप में Labels को चुनें।
#3. कस्टम साइज के लिए Option Tab तथा Format को चुनें।
#4 फिर New Document पर क्लिक करें।

* लेबल्स बनाने के लिए आप Files → New → Labels विकल्प चुन सकते हैं।

Scanned by CamScanner

Session: 4 Using mail merge icon

PAGE NO. 5
DATE : / /

मेलमर्ज एक प्रकार की पत्र भेजने की प्रक्रिया होती है जिसके द्वारा एक पत्र एक ही समय में अनेक लोगों को अलग-2 पते पर भेज सकते हैं

जब एक ग्रुप में लेटर तैयार करना होता है तो वहां पर mail-merge का प्रयोग होता है, जैसे प्रवेश-पत्र निमंत्रण पत्र आफिस लेटर आदि।

* mail merge विजार्ड option Tools ड्रॉपडाउन मीनू में उपलब्ध है.

* प्रिंटिंग लेटर्स हेतु एक मेलमर्ज करने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. File मीनू में New पर क्लिक करें फिर New Text Document को चुनें।

#2. Tools Dropdown menu में mail merge wizard option को चुनें।

#3 Use the current document को select करें। फिर Next करें।

#4. Letter को select करें। उसमें Insert Address Block में आता है।

#5 Address List dialog box आता है वहां Add Address type करें अथवा पहले बनी Address list को चुनें।

#6 Preview and edit the document को चुनें।

प्रिंट पर क्लिक करें।

Scanned by CamScanner

PAGE NO. 6
DATE : / /

* मेलमर्ज का उपयोग करके लेटर्स बनाने की विधि समझाइये।

1. एक Document टाइप करें।
2. Tools → mail merge wizard Box को चुनें।
3. Insert Address Block में Address लिखें। फिर
4. Personilize The mail merge document सेक्शन में Next पर क्लिक करें।
5. Send Document as Email को सलेक्ट करें।
6. Enable mail merge करने के लिए

   TO —
   Sub-
   message को चुनें।

7. Send Document पर क्लिक करें।

फिर तीन Option आते हैं- उनको भरें।

क. Your Name
ख. Your Email Address
ग. Server Name में SMTP address टाइप करें।
(smtp.gmail.com)

OK. समाप्त।

Scanned by CamScanner

Session: 5 creating macros

PAGE NO. 7
DATE : / /

मैक्रो एक प्रकार का रिकॉर्डिंग टूल है इसके द्वारा आप अपने काम को रिकॉर्ड कर सकते हो और आवश्यकता पड़ने पर उस मैक्रो को रन भी कर सकते हो
हम एक्सेल में हम जो भी कार्य करते हैं उसे रिकार्ड कर सकते हैं, और यह कार्य कुछ ही सैकण्ड में हो जाता है। यह एक बहुत ही उपयोगी टूल है

* ड्रॉपडाउन मीनू में Tools में मैक्रो उपलब्ध है
* आपको मैक्रोज सब मीनू में मैक्रो रिकार्ड करने के लिए Record macro विकल्प का चयन करना चाहिए।
* आपको मैक्रोज सब मीनू में मैक्रो execute/बंद करने के लिए Stop macro विकल्प का चयन करना चाहिए।
* मैक्रो बनाने की प्रक्रिया को व्याख्या करो।

#1. View Tab → macro Group → Record macro

#2. मैक्रो Name में कोई नाम लिखे या मैक्रो को Short cut keys (कीज) लिखें जो की में काम नहीं आती हो।

#3. रिकॉर्डिंग शुरू हो चुकी। माउस के तीर/एरो में कोई निशान आ रहा है। आप कुछ भी लिखिए। वह रिकॉर्ड हो रहा है।

#4 रिकार्डिंग बंद करने के लिए macro में Stop macro पर क्लिक करेंगे।

Scanned by CamScanner

#5. अब रिकॉर्डिंग देखने के लिए view टेब में macro ग्रुप में इन macro पर क्लिक करेंगे।

#6. वह नाम select करो जो आपने Save किया था। आपकी रिकॉर्डिंग वहां लिखी आ जाएगी।

Session:6 linking word document to data in a worksheet

आप spreadsheet डाटा को वर्ड डॉक्यूमेंट से लिंक कर सकते हैं।
आप यह भी चाह सकते हैं कि spread sheet में कोई भी बदलाव आपके दस्तावेज में दिखाई दे।
वर्ड प्रोसेसर में यह एक सुविधा होती है जो आपको spread sheet जैसी बाहरी स्रोतों से Data जोड़ने में मदद करती है।

Short trick

आप अपने स्प्रेडशीट डेटा को वर्ड फाइल में कॉपी करके जो भी बदलाव आप स्प्रेडशीट में करते हैं, वो बदलाव आपके उसी वर्ड फाइल में हो सकता है।
ऐसा करने के लिए हम अपनी Excel फाइल को वर्ड फाइल में लिंक कराते हैं।

* Edit ड्रॉपडाउन मीनू में Paste special उपलब्ध है।
* Paste special को लॉन्च करने की short cut कीज है।
  → ctrl + alt + V

Scanned by CamScanner

PAGE NO. 5 icon
DATE : / /

* स्प्रेडशीट में किसी Document की एक प्रक्रिया जोड़ने की तरकीब समझाइये।

#1. वर्कबुक फाइल को खोलें जिसमें डाटा है। और एक खाली Document फाइल खोलें।
#2. वर्कबुक डाटा को select करें। कॉपी करें।
#3. होम टैब में क्लिप बोर्ड ग्रुप में Paste special पर क्लिक करें।
#4. जो बदलाव आप वर्कबुक में करेंगे वही बदलाव आपको डॉक्यूमेंट फाइल में दिखाई देंगे।

Session: 7 Save document outline as a presentation

आउटलाइन एक डॉक्यूमेंट है जो संक्षेप में जानकारी का संक्षिप्त विवरण देता है।
आउटलाइन आपको अपने विचारों को अच्छी तरीके से बनाने की सुविधा देता है।
वर्ड Processor में यह एक सुविधा होती है
आप वर्ड प्रोसेसर का उपयोग करके आपको जितनी बार जरूरत पड़ सकती है उतनी बार ~~adding~~ Editing, deleting, Reggnaxation या पूरी तरह से जानकारी संशोधित करके outline लिख सकते हैं.

* Send सब मेनू से Outline to presentation ऑप्शन एक प्रेजेंटेशन के लिए एक डॉक्यूमेंट आउटलाइन Send करने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

Scanned by CamScanner

Session: 8 Save & share document for a Review.

PAGE NO. 10
DATE: / /

दस्तावेज की जांच करने वाला व्यक्ति समीक्षक कहलाता है।
एक समीक्षक (Reviewer) इंगित करता है कि किसी दस्तावेज में क्या गलत है, और उसके समाधान के लिए इंगित करता है।

समीक्षा प्रक्रिया समीक्षक और लेखक के बीच एक संवाद स्थापित करती है। समीक्षा तब होती है जब कोई दस्तावेज विकास के अन्तर्गत होता है।

* ट्रेकिंग सक्षम करने के लिए आपको चेंजिस में से Edit option को चुने।

* ट्रेकिंग के उद्देश्यों और दस्तावेजों में परिवर्तन को ट्रेक करने की प्रक्रिया की व्याख्या करें।

Turn on the track changes

#1. Review Tab को सेलेक्ट करें।
#2. Tracking ग्रुप में Track change पर क्लिक करें।
#3. Track change option activate हो जायेगा।
#4 हम जो भी बदलाव करेंगे उसका पता चल जाएगा।

Scanned by CamScanner

Session : 9 Understanding Track changes and Comments.

PAGE NO. 11
DATE : / /

Track changes एक ऐसा टूल है जो आपको अपने Document को कुशलतापूर्वक उपयोग करने की सुविधा देता है जब इस टूल को इनेबल कर दिया जाता है, तो यह आपके Text में परिवर्तन करने किसी भी modification को दिखाने में मदद करता है ताकि जिसका original Document है वह ठीक से देख सके की वास्तव में कहां और क्या Editing की गई है।

Track change की मदद से Document के मालिक सुझाव या पेश किए गये ~~Document को~~ changes को Accept या Reject कर सकता है

* Accept या Reject विकल्प ड्रॉपडाउन मेनू के सबमेनू के अन्तर्गत उपलब्ध है

Ans- Edit menu के changes Dropdown Submenu.

* एक डॉक्यूमेंट में सभी changes को Accept करने के लिए आपको Accept और Reject changes डायलॉग बॉक्स में से Accept सिलेक्ट करना चाहिए।

Session : 10 merging Document changes

एक कंपनी में Reviewer के द्वारा किसी employee को कोई Document फाइल Edit करने के लिए देता है ताकि वह उसमें कोई बदलाव करना चाहे तो कर सकता है उसके बाद Company या रिव्यूवर उसको देगा देखेगा कि

Scanned by CamScanner

उसमें जो भी कमी होगी उसको Accept कर लेगा या Reject कर देगा।

फिर Reviewer बाद में उसको Track करने के लिए Original फाइल से Compare कर लेगा कि Employee ने क्या-क्या change किया है।

* Document option की तुलना Edit menu ड्रॉपडाउन मीनू के अंतर्गत उपलब्ध है।

* Document ऑप्शन मर्ज करें Edit ड्रॉपडाउन मीनू changes के सबमीनू के अंतर्गत उपलब्ध है।

** Document को मर्ज करने की प्रक्रिया समझाइये।

Ans- #1. Create New Text Document

#2. फाइल को Tracking Enable करें।

#3. किसी भी यह फाइल भेजते हुए कुछ change करने को कहें

#4. जो नयी फाइल है उसको अन्य नाम से सेव करें।

#5. जो फाइल की कॉपी आपने भेजी थी उसको खोलें।

#6. Merge Document खोलें नई फाइल को सलेक्ट करें और Open करें।

#7. उसमें आप चेक करें कि आपको क्या-2 परिवर्तन Accept करना है क्या-2 Reject करना है।

#8. Ok करें।

Scanned by CamScanner

UNIT-3

Adding Hyperlinks

PAGE NO. 13
DATE : / /

Hyperlink Document, किसी भी "पेज या section" का एक रेफरेंस होता है। जिससे आप Link को सलेक्ट करके किसी भी पेज या वेब एड्रेस या email जोड़ सकते है।

हायपर लिंक वेबसाइट की तरह काम करता है, जैसे हम किसी वेबसाइट में किसी बटन या Text पर क्लिक करते है तो वह Text किसी पेज नई जगह खोलता है।

जब हम किसी Text पर क्लिक करते है तो वह नई लोकेशन में चला जाता है, वह लोकेशन वहां जाता है, जहां हमने उस Text पर Assign किया हुआ था।

* Spreadsheet में हम निम्न जगह हायपर लिंक लगा सकते है।

1. वेबसाइट के लिए
2. Email Address के लिए
3. किसी वर्कशीट या Document के लिए।

* हाइपर लिंक को modify करें, आप कंटेन्ट मेनू में से Hyperlink option को चुन सकते है।

* हायपर लिंक फंक्शन syntax बताइये।

= =Hyperlink("URL","Friendly name")

=Hyperlink("www.google.co.in","google site")

Scanned by CamScanner

~~Unit-~~ सत्र:2 Analyzing Data ~~Unit~~ using Pivot Table

PAGE NO. 14
DATE : / /

पाइवोट टेबल. पाइवोट टेबल का Data Analysis टूल है जिसमें आप कुछ ही सेंकण्ड में मनचाहा रिपोर्ट पा सकते है।
पाइवोट टेबल आपको रिपोर्ट बनाने में मदद करता है, क्यों कि पाइवोट टेबल के द्वारा आसानी से बड़ी मात्रा में डाटा को सोर्ट और विजुलाइज कर सकते है।

पाइवोट टेबल के द्वारा आपके डाटा को कम से कम समय में सारांशित किया जाता है।

** पाइवोट टेबल Insert टेब में होता है
पाइवोट टेबल शुरु करने से पहले आपको कुछ चीजें याद रखने की जरूरत है जैसे:—

1. कोई भी हेडर खाली नहीं होना चाहिए।
2. कोई भी सेल मर्ज ना हो।

* 1. स्प्रेडशीट Software की व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली विशेषताएं पाइवोट टेबल और पाइवोट चार्ट है।

* 2. एक स्प्रेडशीट के रूप में जैसे डाटाबेस में से डेटा के परिणाम पाइवोटटेबल और है।
पाइवोट चार्ट

* 3. ड्रॉपडाउन मीनू Data में उपस्थित पाइवोट टेबल है Insert

most

* एक सैंपल डाटा में से पाइवोट टेबल बनाने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. पूरे शीट के डाटा को सलेक्ट करें।

#2. Data टैब में पाइवेट टेबल को सलेक्ट करें।

#3. पाइवोट टेबल में आपको 4 ऑप्शन दिखाई देते हैं-

1. Row fields
2. Column fields
3. Report filter fields
4. values field.

सत्र :3 Create pivot charts.

Pivot chart, pivot टेबल का एक ग्राफिकल व प्रस्तुतिकरण है. जिसको चार्ट के द्वारा देख सकते हैं पाइवोट टेबल और पाइवोट चार्ट दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। हम पाइवोट टेबल के कोई भी परिवर्तन पाइवोट चार्ट में देख सकते हैं.

यह चार्ट सामान्य चार्ट से अधिक उपयोगी है हम पाइवोट चार्ट को फिल्टर भी कर सकते हैं।

* पाइवोट चार्ट डेटा का एक विजुअल प्रेजेंटेशन प्रदान करता है।

* टैब Insert के समूह Tivot table में पाइवोट टेबल उपलब्ध है।

Scanned by CamScanner

* पाइवोट चार्ट बनाने की प्रक्रिया समझाइये।
#1. शीट में डाटा को Select करें।
#2. इन्सर्ट टेब के Tables ग्रुप में पाइवोट चार्ट पर क्लिक करेंगें।
#3. एक डायलॉग बॉक्स आता है उसमें OK पर क्लिक करेंगें।
#4. चार्ट में जो फिल्ड डालना है, उस फिल्ड को नीचे चारों ~~और~~ कॉलम में डालिए।
#5. आपकी टेबल ग्राफ के रूप में नजर आयेगी।

सत्र:4 Filter data using Slicer

स्लाइसर के द्वारा स्लाइसर का उपयोग डाटा को तरीके से डिस्प्ले किया जाता है।

एक स्लाइसर पाइवोट टेबल का विस्तार रूप है. इसमें डाटा को आसान तरीके से फिल्टर किया जाता है।

पाइवोट टेबल को जल्दी से फिल्टर करने के लिए स्लाइसर का उपयोग करते है।

* 1. Microsoft Excel तुरंत नियंत्रण में शुरू की गई Slicer का एक feature है।

* 2. Option Tab के तहत शॉर्ट व फिल्टर ग्रुप में Insert Slicer option उपलब्ध है।

Scanned by CamScanner

* स्लाइसर को Apply करना

#1. सबसे पहले Pivot table create कीजिए।

#2. Pivot टेबल create होने के बाद Select option tab.

#3. Sort & filter ग्रुप में Insert Slicer डायलॉग्स दिखाई देगा उसमें सभी कॉलम की Heading list दिखाई देगी।

#4 किसी भी List को Slicer में देखने के लिए OK करेंगे।

#5 फिर ग्रुप Sor में से किसी भी कॉलम को फिल्टर करेंगे।

सत्र: 5 Tracking & Review Tracked Revision.

किसी Office में कोई online excel शीट पर कई व्यक्ति एक साथ काम करते हैं. जिसमें वे अलग-2 स्थानों पर बदलाव या changes कर सकते हैं इस स्थिति में यह पता लगाना कठिन होता है कि किसने कब व कौनसी entry पर कार्य किया।

इस समाधान के लिए किए गये सभी बदलाव को (track) पता लगाने के लिए Spreadsheet की Tracking विशेषता का उपयोग कर सकते हैं।

Scanned by CamScanner

1. Edit menu के changes Submenu के अंतर्गत show changes option उपलब्ध है।

2. Edit menu के changes Submenu के अंतर्गत Accept और Reject option उपलब्ध है।

2010 में

1. Edit menu, changes Submenu.

2. Review menu, Track changes.

सत्र:6 Protect file and Add Comments

* Excel document/file में password लगाना।

#1. नया Document खोलें।
#2. Tools dropdown मेनू में से Protect document को सलेक्ट करें।
#3. Password व Confirm password टाइप करें।

* Excel के अंदर Comment function क्या है।
जब हम excel sheet के अंदर कोई Data तैयार करते है तो Data के अंदर किसी भी cell की महत्वपूर्ण बात बताने के लिए या ध्यान दिलाने के लिए हम excel sheet पर Comment function का उपयोग करते है।

Scanned by CamScanner

सत्र:-7 merge workBook

PAGE NO. 19
DATE : / /

मर्ज वर्कबुक में दो या दो से अधिक वर्कबुक फाइल को एक Single workBook में Data को Add कर सकते है या Consolidate कर सकते है

स्प्रेडशीट मर्ज करने के लिए आपको Edit मेनू के changes submenu में से merge document विकल्प का चयन करना चाहिए।

वर्कबुक को मर्ज करने की प्रक्रिया के लिए Call करें प्रोसेस लेकी है।
Mob. - 9636737292
8209619870 पवन सर

सत्र:8 Digital Signature Administrator

Spreadsheet की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए Digital Signature का उपयोग कर सकते है

एक डॉक्यूमेंट पर Digital Sign. से प्राप्तकर्ता सुनिश्चित करता है कि यह किसी जानकार व्यक्ति द्वारा बनाया गया है।

Digital Signature एक Signature का इलेक्ट्रानिक रूप है ठीक उसी प्रकार से किसी Document को हाथ से किए गये Signature प्रमाणित करते है वैसी ही Digital Signature इलेक्ट्रानिक Document को प्रमाणित करते है।

Scanned by CamScanner

* Digital Signature एक डॉक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने से प्राप्तकर्ताओं को भरोसा दिलाया जाता है कि यह एक जानकार ~~प्रेषक~~ प्रेषक द्वारा बनाया गया था और परागमन transit के दौरान इलेक्ट्रानिक रूप से लक्षित होने पर नहीं बदला गया था।

* एक Document में डिजिटल हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया बताइये।

#1. insert tab → text group → Signature line → ok

#2. सिग्नेचर setup की विंडो खुलेगी।
Name —
title —
email — etc. फिर ok करें।

#3. डबल क्लिक करें Signature icon पर। फिर सेव करें।

#4. अपना नाम या कोई फोटो को सिग्नेचर के रूप में जोड़ सकते हैं.

सत्र: 9 Restrict Access

जब आप कोई महत्वपूर्ण excel sheet बनाने के लिए घण्टे बिताते हैं, और यह जब किसी समूह में भेजा जाता है तो कोई व्यक्ति इसे सहमति के बिना इन सूचनाओं विवरणों को Print, Copy, Paste और share करता है।

Scanned by CamScanner

इससे बचने के लिए आप spreadsheet की सुरक्षा हेतु spreadsheet की विशेषता का उपयोग कर सकते हैं।

* IRM का पूरा नाम है।
Information Rights management
इन्फोर्मेशन राइट्स मैनेजमेंट

* Security / सुरक्षा द्वारा अनाधिकृत लोगों के लिए print, copy, या forword किए जाने से document को सुरक्षित कर सकते हैं.

* दूसरों के लिए print की अनुमति देना चाहते हैं किन्तु सामग्री को कॉपी नहीं करना देना चाहते तो आपको pdf डॉयलॉग Box में change सेक्सन के तहत Enable Copying of Content करना चाहिए।

* दूसरों को print की अनुमति नहीं देने के लिए आपको pdf option डायलाग Box में सिक्योरिटी सेक्सन के तहत Not printed चुनना चाहिए।

Scanned by CamScanner

* एक pdf Document के रूप में Export करते समय कॉपी किए जाने से स्प्रेडशीट को protect करने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. spred sheet में कुछ डेटा टाइप करें।

#2. Pdf के रूप में File → Export चुनें।
pdf option डायलॉग Box आता है।

#3
Security Tab चुनें।

#4. Set password बटन पर क्लिक करें।

#5. Permission set करने से पहले password लगाएं।

(क) यदि आप pdf file दूसरों को प्रिन्ट नहीं कराना चाहते तो Printing section के तहत Not Printed चुनें।

(ख) यदि आप pdf फाइल दूसरों द्वारा कॉपी नहीं कराना चाहते तो change section के तहत Enable Copying of Content ~~अनचेक~~ अनचेक करें।

Scanned by CamScanner

सत्र: 10 Share a workBook

PAGE NO. 23
DATE: / /

जब आप spreadsheet में कार्य करते है तो एक समय में एक व्यक्ति ही कार्य कर सकता है। अन्यव्यक्ति spreadsheet की कॉपी को Read ही कर सकते है।

आप spreadsheet में अपनी वर्कबुक को अन्य व्यक्तियों को share कर सकते है। वर्कबुक को शेयर करने से एक फाइल पर एक साथ बहुत सारे व्यक्ति काम कर सकते है। दूसरे व्यक्ति Read and write भी कर सकते है।

* वर्कबुक साझा करने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. Open a workBook.

#2. Tools मेनू में share documents को चुने।

#3. Share this spreadsheet with other users पर क्लिक करें।

पॉपअप Dialog बॉक्स में yes पर क्लिक करें।

* यदि आप एक ही समय में कई यूजर edit करना चाहते है तो आपको वर्कबुक Read-write- लेना आवश्यक है ACCESS परमिशन

* डॉक्यूमेंट साझा साझा करने का विकल्प Tools ड्रॉपडाउन मीनू में उपलब्ध है।

Scanned by CamScanner

Unit: 4 Session: 1

Inserting & modifying Smart art graphics

PAGE NO. 24
DATE:

Smart art से graphic का उपयोग कर आप डायग्राम बना सकते है। Smart art आपको Text का उपयोग करने के बजाए चित्र और सूचना के रूप में जुड़ने की अनुमति देता है
जिनका उपयोग आप कई अलग-2 प्रकार के idea को चित्रित करने के लिए कर सकते है।

उदाहरण के लिए जब आप कंपनी की रूपरेखा प्रस्तुत करने के लिए एक प्रेजेंटेशन बनाते है तो आप कंपनी की संरचना को प्रस्तुत करने के लिए Smart-art ग्राफिक का उपयोग कर एक organization chart शामिल कर सकते है।

* स्मार्टआर्ट विकल्प Insert टैब के illustration ग्रुप में उपलब्ध है।

* Smart art में कौन-2 से option उपलब्ध होते है

1. List
2. Process
3. Cycle
4. Tree Structure
5. Relationship
6. Matrix
7. Pyramid

Scanned by CamScanner

सत्र:2 Add multimedia elements

PAGE NO. 25
DATE : / /

आप presentation के दौरान अपनी slide में multi-media elements (Audio & video) फाइल जोड़ सकते हैं जिससे आपकी फाइल Presentation दौरान आकर्षक लगती है।

* Presentation में multimedia elements शामिल करने की प्रक्रिया समझाइये।

2007 insert tab → movie and sound group → movie/sound

2010 insert tab → media group → audio/video

सत्र:3 Customize slide Component

आप अपनी स्लाइड को अधिक रोचक बनाने के लिए आप presentation Text और objects को सचीव (चलचित्र) कर सकते हैं।
आप दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए विशेष Text, Paragraph, या एक objects पर जोर देने के लिए इस future का उपयोग कर सकते हैं।

* Presentation में Animate text और objects की प्रक्रिया बताइये।

#1. Open New presentation. and insert any shapes, text, smartart object.

#2. Animation tab पर क्लिक करें।

Scanned by CamScanner

#3. आप ऐनिमेशन लिस्ट में से कोई भी Animation चुने इससे कोई भी text और object में प्रभाव डाल सकते है
#4 OK करे और Play करें।

* Entrance Tab में 5 इफेक्ट के नाम बताइये।

1. Appear
2. Flying
3. Float in
4. Zoom
5. Bounce

* Exit टेब में तीन इफेक्ट के नाम बताइये।

1. Fade 2. Flyout 3. Float out.


सत्र: 4 Customizing a slideshow

एक कस्टम स्लाइड शो में आप अपनी आवश्यकतानुसार slide को प्रदर्शित कर सकते है।
जैसे आपने अपनी slide में बहुत सारी slide बना रखी है, उसमे से किसी मुख्य slide को ही प्रस्तुतिकरण के दौरान दिखाना चाहते हो। तो आप Custom slide show को प्रदर्शित करेंगे।

* Custom slide बनाने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. 5-6 स्लाइड बनाइये।
#2 Slide Show मेन्यु चुने।
#3 Custom slide show डायलॉग Box आएगा।

Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner

#3. आप एनिमेशन लिस्ट में से कोई भी Animation चुने इससे कोई भी text और object में प्रभाव डाल सकते है।
#4 OK करे और Play करें।

* Entrance Tab में 5 इफेक्ट के नाम बताइये।
1. Appear
2. Flying
3. Float in
4. Zoom
5. Bounce

* Exit टैब में तीन इफेक्ट के नाम बताइये।
1. Fade 2. Flyout 3. Float out.

सत्र: 4 Customizing a slideshow

एक कस्टम स्लाइड शो में आप अपनी आवश्यकतानुसार slide को प्रदर्शित कर सकते है।
जैसे आपने अपनी slide में बहुत सारी slide बना रखी है, उसमे से किसी मुख्य slide को ही प्रस्तुतिकरण के दौरान दिखाना चाहते हो। तो आप Custom slide show को प्रदर्शित करेंगे।

* Custom slide बनाने की प्रक्रिया समझाइये।
#1. 5-6 स्लाइड बनाइये।
#2 Slide Show मेन्यु चुने।
#3 Custom slide show डायलॉग Box आएगा।

Scanned by CamScanner

#4 नया कस्टम स्लाइड शो बनाने के लिए New पर क्लिक करें। slide show को नाम दें।

#5 slide को Add करें। जिस भी slide को आप play करना चाहते हैं

#6 OK पर क्लिक करें, और प्ले करें।

* Custom slide show विकल्प किस Dropdown मेनू में उपलब्ध होता है

- slide show

सत्र :5 Annotate presentation

जब आप presentation देते हैं तो दर्शकों के लिए मुख्य बिन्दु को हाईलाइट करना चाहते हैं ताकि उन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए

मान लीजिए की आप presentation में विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक रिजल्ट को प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपको अपने presentation में टापर्स को High-light करना आवश्यक होगा।

* एक माउस पोइन्टर को पेन के रूप में उपयोग करने के लिए आपको slideshow डायलॉग बॉक्स में slideshow setting चुनना चाहिए।

Scanned by CamScanner

सत्र :6 Use a presenter view

PAGE NO. 26
DATE : / /

जब आप कहीं electronic presentation प्रस्तुत करते हैं तो आप दो अलग monitor का उपयोग कर सकते हैं।

* आपको किसी बाह्य डिस्प्ले यूनिट पर प्रेजेंटेशन डिस्प्ले करने के लिए ड्रॉपडाउन से Display2 का चयन करना चाहिए।

* सैकण्डरी मोनिटर या प्रोजेक्टर पर प्रेजेंटेशन डिस्प्ले के लिए प्रक्रिया समझाइये।

#1. Slide show - slide show सेटिंग चुने

#2. Slide show सेटिंग Box दिखाई देगा।

#3. presentation display dropdown list में से Display 2 को चुने।

सत्र :7 Automatically Repeat Slide Show

जब आप slide show चलाते हैं तो एक स्लाइड से दूसरी स्लाइड पर जाने के लिए आपको कोई कीज (keys) दबानी पड़ती है, या mouse से click करना पड़ता है।
फिर भी mouse क्लिक के उपयोग किए बिना प्रेजेंटेशन चलाना या प्रेजेंटेशन को स्वतः दोबारा दोहराकर व्यवस्थित करना संभव है।

Scanned by CamScanner

* Rehearse timing विकल्प slide show के Setup dropdown menu में उपलब्ध है.

* अगली slide को एक निश्चित समय के दौरान Advance slide automatically करने की प्रक्रिया बताइये।

#1 Open presentation ~~Alert~~

#2. Select Slideshow → slide Transaction

#3. under advance slide → Select automatically after Set a time.

#4 Apply to all Slide → OK.

Scanned by CamScanner

Unit: 5 ई-मेल मैसेजिंग करना

PAGE NO. 30
DATE: / /

Session: 1 Send Calender information in an Email messanging.

* कैलेंडर साझा करने की प्रक्रिया समझाइये।

#1. Calender पर राइटक्लिक करें, उसके बाद।
#2. Export Calender पर क्लिक करें। फिर उसमें
#3. Save as drop down मीनू चुनें।

यहां कैलेण्डर साझा करने के लिए तीन ऑप्सन मी लेंगे -
(क) iCalender (.ics)
(ख) webpage (.htm और .html)
(ग) Outlook Comma Seperated values (.csv)

#4. iCalender को सेलेक्ट करें।
#5. फाइल नेम में एक नाम Type करें।
#6. Save पर क्लिक करें और कलेण्डर को अटैचमेंट के रूप में किसी का को भी भेज सकते हैं

* कैलेण्डर को करते समय फोर्मेट 1. iCalender.
2. webpage
3. outlook Cooma

* iCalender फाइल का extension .ics है

सत्र: 2 using stationery & Themes.

स्टेशनरी के उद्देश्य :- ई-मेल मैसेजिंग सॉफ्टवेयर में "स्टेशनरी" नामक फीचर के जरिए Html मैसेज क्रिएट करने के लिए सपोर्ट शामिल है।

Scanned by CamScanner

स्टेशनरी पूर्व निर्धारित डिजाइन हैं, जिन्हें आप अपने स्वंय के text अथवा image के साथ रिप्लेस कर सकते हैं

* Html formatted message को send करने की प्रक्रिया बताइये।
#1. Dropdown menu में से more को सलेक्ट करें।
#2. other stationary पर क्लिक करें। select template file dialog box आता है।
#3. Html फाइल सलेक्ट करें। उसके बाद।
#4. open पर click करें।
#5. Placeholder और dummy को रिप्लेस करें।
#6 email address ~~or Sub~~ और subject टाइप करें। फिर send कर दें।

* तीन नि:शुल्क Html टेम्पलेट्स वेबसाइट के नाम बताइये।
- #1. www.Campaignmonitor.com
#2. www.activeCampaign.com.
#3. www.eblastmagic.com

सत्र:2 Customizing quickaccess toolbar

* Customize Quick Access toolbar विकल्प पर Office Ribbon के माध्यम से Access किया जा सकता है।

Scanned by CamScanner

* Quick Access toolbar के लिए add Commands की प्रक्रिया समझाइये।

– #1 ऑफिस रिबन पर राइट क्लिक करें। और show क्विक एक्सेस टूलबार Below the Ribbon पर क्लिक करें
#2. डिफाल्ट टेब में लेटिंग कमांड उपलब्ध नहीं है।

#3. File → New → message चुनें।

#4. Office रिबन पर राइट क्लिक करें। और Customize quick access toolbar पर क्लिक करें।

#5. Dropdown मीनू में से Choose कमांड से Commands not in Ribbon चुनें।

#6. एड के लिए इस लिस्ट में कमांड चुनें।
उदाहरण के लिए Custom Evaluation चुनें। OK करें।

सत्र:- 4 creating and modifying Signature

* Signature Text विकल्प tools मेनू के Account सेटिंग डायलॉग बॉक्स में उपलब्ध है।

* सभी outgoing मैसेज के लिए Vcard शामिल करने की प्रक्रिया समझाइये।

– इसका उपयोग इलेक्ट्रॉनिक Business कार्ड के लिए व्यापक रूप में होता है, और अधिकांश email मैसेजिंग सॉफ्टवेयर में सपोर्ट करता है।
यह address बुक के साथ store किया जाता है।

Scanned by CamScanner

* सभी outgoing मैसेज के लिए plain text फॉर्मेट में सिग्नेचर शामिल करने की प्रक्रिया समझाइये।

- #1. ई-मेल मैसेजिंग सॉफ्टवेयर को ओपन करें।
#2. Tools → Account setting चुनें। इसमें
क. Plain text के लिए

1. signature text: अपना नाम लिखें
2. OK पर क्लिक करें।
3. File → New → message चुनें।
OK पर क्लिक करें।

* सभी outgoing मैसेज के लिए vCard शामिल करने की प्रक्रिया समझाइये।

#1 Tools → Account setting → चुनें। Account setting डायलॉग बॉक्स आता है।

#2 Attach my vCard to message चेक करें।

#3 Edit Card पर क्लिक करें। Edit vCard डायलॉग Box आता है।

क. First - मैं अपना पहला नाम लिखें।
ख. Last - मैं अंतिम नाम टाइप करें।
ग. Email - अपना email टाइप करें।
घ. mobile - अपना mobile नं. लिखें।
ङ - OK करें।

Scanned by CamScanner

सत्र: 5 Configuring E-mail security setting.

PAGE NO. 34
DATE: / /

* Junk, email, scams, antivirus tab option डायलॉग बॉक्स के Tools सेक्सन में उपलब्ध है।

* Default message view को Plain text पर मोडीफाई करने की प्रक्रिया समझाइये।
#1 View मेनू चुने।
#2. मेनू विकल्प message Body As चुने।
डिफाल्ट सेटिंग Html है, Plain Text चुने।

सत्र: 6 organizing emails

* सोर्ट द्वारा ग्रुप के लिए View मेनू के grouped by sort सब मेनू में उपलब्ध है।

* सेव किए गए New saved search folder मेनू के सब मेनू में सर्च विकल्प उपलब्ध है।

सत्र: 7 managing data files (Backup)

* प्रोफाइल्स (mozilla Thunderbird) moz Backup फोल्डर में स्टोर है।

Scanned by CamScanner

सत्र: 8 Customizing thems outlook to icon DoBar

PAGE NO. 35
DATE: / /

* ToDo Bar को कस्टमाइज करने की प्रक्रिया समझाइये।

- By defaut To-do bar आइटम्स को ग्रुप्स में प्रदर्शित करता है और कुछ निश्चित item जैसे कि Task Subject, Due date आदि उपलब्ध होते हैं.

#1. Importance के आधार पर sort करने के लिए इस Context menu में से Importance को सलेक्ट करें।

केवल Subject लाइन ही प्रदर्शित होती है अन्य फिल्ड्स को भी प्रदर्शित करने के लिए निम्न लिखित करें।

#2 Custom को सिलेक्ट करें।
#3 Customize view - Todo List Dialog box दिखेगा
#4. फिल्ड बटन पर क्लिक करें।
#5 Show फिल्ड प्रदर्शित होंगे।
इसमें आप Task Subject
Start date
due date को चुनें
#6 maximum Number of lines in Compact mode को चुनें और OK करें।

Scanned by CamScanner

अभ्यास: 9 Creating a folder Home page using MS outlook.

PAGE NO. 36
DATE : / /

* Mozilla Thunder-bird में प्रोटोकॉल लिंक के बारे में किन्हीं तीन को सूचीबद्ध करें।

#1 about : buildConfig
#2 about : about
#3 about : addons

अभ्यास 10. Setting permission and deleting Access.

* दूसरों के सम्बंधन के लिए अपना ई-मेल और कैलेण्डर हेतु Access प्रदान करने के लिए Delegation का संदर्भ लें।

Scanned by CamScanner

Unit: 6 Web Design & development

Session: 1 Introduction परिचय

वेब पेज बनाने के लिए Html और CSS का उपयोग किया जाता है। वेबसाइट बनाने के लिए Html Language में code लिखना पड़ता है।
इस समस्या के समाधान के लिए web authoring tool का उपयोग कर सकते हैं

web authoring tool अपने web page डेवलेपमेंट टास्क को आसान बनाते हैं Html editor जिन्हें web authoring tool के रूप में संदर्भित किया जाता है

Html एडिटर वे Application होते हैं जो Html code लिखते हैं, चेक करते हैं और समय और प्रयास बचाने में मदद करते हैं

Html एडिटर को WYSIWYG editor के रूप में संदर्भित किया जाता है

* Html एडिटर सॉफ्टवेयर के नाम बताइये।

1. Notepad नोटपेड
2. Notepad ++ नोटपेड ++
3. Amaya अमाया
4. Adobe dream viewer एडोब ड्रीम वीवर
5. Kompozer कॉम्पोजर
6. microSoft Expression web माइक्रोसॉफ्ट एक्सप्रेशन वेब

Scanned by CamScanner

* Html एडिटर के लाभ बताइये।

#1. Html एडिटर में ज्यादा कोड लिखने की जरूरत नहीं पड़ती है।
2. हर लाइन में त्रुटि को जांचने की जानकारी मिलती है।
3. यह अनावश्यक को साफ कर देता है।
4. फाइल को नाम देने के पश्चात extension अपने आप insert हो जाता है।
5. नये वर्जन से वेब पेज को थोड़ा आकर्षक बनाया जाता है।

* MEW (microsoft Expression web) किसका Product है
- एक मुफ्त Html एडिटर है, जो microsoft द्वारा बनाया गया था।

* microsoft expression web को शुरू करने की प्रक्रिया बताइये-
- Start → All Program → MEW

* MEW (माइक्रोसॉफ्ट एक्सप्रेशन वेब) एक सॉफ्टवेयर है। जिसमें Html लिखे बिना Html Code तैयार किया जाता है।

Scanned by CamScanner

